प्रायोजित योजनाओं) के लिये मध्य प्रदेश राज्य को दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता को दर्शाने वाला विवरण ।

(लाख रुपये)

कार्यक्रम का नाम	1990–91
1. राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम	902.30
2. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम	202.08
3. राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम	73.14
4. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम	44.39

Assistance to Nizam Institute of Medical Sciences

2865. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have received any proposal from the Nizam Institute of Medical Sciences, Hyderabad for assistance;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Government have taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) to (c) All such proposals, including the proposal received from the Nizam Institute of Medical Sciences, are considered in accordance with the schemes for provision of financial assistance for setting up of a Cobalt Therapy Unit/development of Oncology Wing subject to the availability of funds.

देश में आयुर्वेदिक कालेज/अस्पताल

2866. **श्री ईश दत्त यादव** : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न आयुर्वेदिक कालेजों तथा अस्पतालों को राज्यवार कितना अनुदान दिया गया ;

(ख) देश में कार्य कर रहे आयुर्वेदिक कालेजों और अस्पतालों की राज्यवार संख्या कितनी है ;

(ग) उत्तर प्रदेश सरकार से नये आयुर्वेदिक कालेज/अस्पताल खोलने, विद्यमान कालेजों का विस्तार करने और अनुदान की राशि में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ): (क) संलग्न विवरण–I के अनुसार **(नीचे देखिये)** ।

(ख) संलग्न विवरण–II के अनुसार **(नीचे देखिये)** ।

(ग) नये आयुर्वेदिक कालेज/अस्पताल खोलने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुये हैं । उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के लिये सहायता देने का अनुरोध किया है । तथापि, केन्द्रीय सरकार इस प्रयोजन के लिये सहायता प्रदान नहीं करती है ।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता ।